Regarding request for sanctioning of Railway lines between Dehradun and Kalsi-laid

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) **:** मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के देहरादून जिले की ओर दिलाना चाहती हूँ । मुरादाबाद मंडल के अन्तर्गत देहरादून से कालसी तक रेल लाईन बिछाने का सर्वे दो बार हो चुका है, जिसमें कोई टेक्नीकल फॉल्ट नहीं है । लेकिन अभी वित्तिय स्वीकृति नहीं मिली है । यह क्षेत्र पछुवादून प्रवादून जौनसार बावर क्षेत्र में आता है और इस क्षेत्र के बहुत सारे लोग सेना में तैनात हैं जिनको अपने घर आने-जाने में भारी असुविधा होती है । इसके साथ ही साथ कालसी शिलालेख पर्यटन की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है एवं व्यापारिक दृष्टि से भी यह क्षेत्र महत्वपूर्ण है । रेल लाइन न होने के कारण यहां के व्यापारियों तथा यहां आने-जाने वाले पर्यटकों को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है । देहरादून से कालसी तक रेल लाइन की मांग बहुत पुरानी है और समय-समय पर मुरादाबाद मंडल के देहरादून रेलवे स्टेशन से कालसी तक रेल लाईन बिछाने की मांग होती रही है ।

मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि मुरादाबाद मंडल के देहरादून रेलवे स्टेशन से कालसी तक रेल लाईन बिछाने के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें । क्षेत्र की जनता आपकी आभारी रहेगी ।